भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 672**
28 नवंबर,2024 को उत्तर देने के लिए

## मेगा फूड पार्कों और कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर प्रचालन

**672. डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार ने किसानों को उनकी उपज के बेहतर मूल्य दिलाने में सहायता करने के लिए उपलब्ध नवीनतम आंकड़ो के अनुसार 41 मेगा फूड पार्को और 67 कृषि – प्रसंस्करण क्लस्टरों की स्थापना और प्रचालन में अपेक्षित प्रगति हासिल की है;

**(ख)** यदि हां, तो विशेषकर महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में तत्सबंधी ब्यौरा क्या है; और

**(ग)** किसानों के साथ- साथ उपभोक्ताओं को वास्तविक रूप से लाभ देने के लिए सरकार द्वारा क्या पहल की गई है/ की जा रही है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क) और (ख)**: देश में खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2008 में मेगा फूड पार्क योजना शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य हब और स्पोक मॉडल पर आधारित क्लस्टर दृष्टिकोण को अपनाते हुए विश्व स्तरीय अवसंरचना और सामान्य उपयोगकर्ता सुविधाओं की स्थापना करना था। मंत्रालय द्वारा बाधाओं को दूर करने के लिए दिशानिर्देशों में उपयुक्त संशोधनों और हितधारकों के साथ आवधिक समीक्षा बैठक के माध्यम से योजना को सुव्यवस्थित करने के प्रयासों के बावजूद, योजना के कार्यान्वयन की गति धीमी है। 41 अनुमोदित परियोजनाओं में से 24 परियोजनाएं प्रचालन में हैं और सफलतापूर्वक चल रही हैं। इन 24 परियोजनाओं ने 10.68 लाख मीट्रिक टन प्रसंस्करण क्षमता, 17.9 3 लाख मीट्रिक टन परिरक्षण क्षमता का सृजन किया है और 667236 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं 60277 किसान लाभान्वित हुए हैं। कम से कम 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता जो अक्सर पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में एक बाधा है। कई राज्य सरकारों और 12 वें वित्त आयोग के तहत गठित कार्य समूह की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए, 10 एकड़ के अपेक्षाकृत छोटे भौगोलिक क्षेत्र में सामान्य अवसंरचना को विकसित करने के लिए प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत एक नई योजना कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) अवसंरचना सृजन शुरू की गई थी। तदनुसार, मेगा फूड पार्क योजना को अनुमोदित परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्ध देनदारियों के साथ 01.04.2021 से बंद कर दिया गया है।

कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना सृजन योजना एक मांग आधारित योजना है, जिसका उद्देश्य क्लस्टर दृष्टिकोण के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने के लिए उद्यमियों के समूह को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक अवसंरचना और सामान्य सुविधाओं का विकास करना है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय स्वयं कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर स्थापित नहीं करता है, बल्कि उद्यमियों/निवेशकों को कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर स्थापित करने के लिए अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस योजना के अंतर्गत भावी निवेशकों/उद्यमियों से समय-समय पर निधि की उपलब्धता

के आधार पर मंत्रालय द्वारा जारी की गई अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना सृजन योजना के तहत अनुमोदित परियोजनाएं 76 हैं, जिनमें से 23 परियोजनाएं अब तक पूरी हो चुकी हैं/प्रचालन में हैं। 23 पूरी हो चुकी/प्रचालनरत परियोजनाओं में कुल 69775 किसान लाभान्वित हुए हैं और कुल 16645 रोजगार सृजित हुए हैं।

मराठवाड़ा सहित महाराष्ट्र राज्य में कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर के लिए अवसंरचना सृजन की योजना और मेगा फूड पार्क योजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

**(ग):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन के लिए अवसंरचना सृजन, कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर सृजित करने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को जोड़ने और बढ़ाने, खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने और किसानों और उपभोक्ताओं को सीधे लाभ पहुंचाने वाले मानव संसाधन और संस्थानों को विकसित करके खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं कार्यान्वित्त कर रहा है। ये योजनाएं हैं: प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना, और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई)।

पीएमकेएसवाई के अंतर्गत 1653 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं और 1079 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं/प्रचालन में हैं, 32,80,369 किसान लाभान्वित हुए हैं।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के क्षमता निर्माण घटक के अंतर्गत, किसानों और सूक्ष्म स्तर के उद्यमियों दोनों के लिए "फसल के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए उत्पादों का मूल्य संवर्धन" विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 28 नवंबर, 2024 को उत्तर हेतु "मेगा फूड पार्कों और कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर प्रचालन" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 672 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| क्र.सं. | परियोजना निष्पादन एजेंसी का नाम (पीईए) | ज़िला | परियोजना लागत (करोड़ में) | अनुमोदित अनुदान | जारी कुल अनुदान (करोड़ में) | अपेक्षित/सृजित कुल रोजगार | किसान लाभान्वित हुए/ लाभान्वित होने की उम्मीद | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना सृजन योजना** | | | | | | | | |
| 1 | मेसर्स सह्याद्री फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड | नासिक | 33.27 | 8.656 | 8.4396 | 2625 | 15100 | खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के साथ पूर्ण एवं प्रचालनरत |
| 2 | मेसर्स इंडिया मेगा एग्रो अनाज लिमिटेड | नांदेड़ | 30.99 | 10.00 | 6.5 | 1000 | 5000 | कोर प्रसंस्करण एवं बुनियादी सक्षम अवसंरचना का कार्य पूर्ण |
| 3 | मेसर्स स्वाभिमानी को-ऑप इंडस्ट्रियल एस्टेट लिमिटेड | कोल्हापुर | 31.97 | 10.00 | 6.95964 | 1055 | 4000 | कोर प्रसंस्करण एवं बुनियादी सक्षम अवसंरचना का कार्य पूर्ण |
| 4 | मैसर्स किसान सम्पदा फूड पार्क इंडस्ट्रीज | नागपुर | 29.96 | 9.69 | 8.3365 | 720 | 2600 | खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के साथ पूर्ण एवं प्रचालनरत |
| 5 | मेसर्स मधुर फूड पार्क एलएलपी | धुले | 25.84 | 10.00 | 6.5447 | 520 | 0 | कोर प्रसंस्करण एवं बुनियादी सक्षम अवसंरचना का कार्य पूर्ण |
| 6 | मेसर्स रेवा तापी वैली इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट | नंदुरबार | 27.06 | 10.00 | 6.75 | 893 | 4000 | कार्यान्वयनाधीन |
| 7 | मेसर्स प्रवीण मसालेवाले | सतारा | 64.69 | 10.00 | 6.75 | 2135 | 4000 | कार्यान्वयनाधीन |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | मेसर्स बहेती कृषि समूह एलएलपी | वाशिम | 12.544 | 2.8496 | 1.9976 | 414 | 4000 | कार्यान्वयनाधीन |
| 9 | मेसर्स चिंतेश्वर एग्रो प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड | बीड, | 22.504 | 8.2796 | 5.656336 | 743 | 4000 | कार्यान्वयनाधीन |
| 10 | मेसर्स वर्षा एग्रो | पुणे | 40.67 | 10.00 | 0 | 1342 | 4000 | कार्यान्वयनाधीन |
| 11 | मेसर्स आर्या फूड एंड अदर प्रोडक्ट्स प्रोसेसिंग यूनिट | सोलापुर | 28.545 | 10.00 | 0 | 942 | 4000 | कार्यान्वयनाधीन |
| 12 | मेसर्स दिव्यांश एग्रो एंड फूड पार्क | भंडारा | 26.652 | 10.00 | 0 | 879 | 4000 | कार्यान्वयनाधीन |
| 13 | मेसर्स हरशिव हेल्दी फूड्स एंड मोर प्राइवेट लिमिटेड | नागपुर | 39.32 | 10 | 0 | 1298 | 4000 | कार्यान्वयनाधीन |
| **मेगा फूड पार्क योजना** | | | | | | | | |
| 1 | सतारा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | सतारा | 139.33 | 50.00 | 45.00 | 229 | 500 | प्रचालनरत |
| 2 | पैथन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | औरंगाबाद | 124.52 | 48.82 | 43.94 | 573 | 1250 | प्रचालनरत |
| 3 | वर्धा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | वर्धा | 92.36 | 50.00 | 15.00 | 0 | 4000 | कार्यान्वयनाधीन |

*****